तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अशोक** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353642343178419	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25/07/25	अपीलार्थी अशोक निवासी वार्ड नंबर– 2, दावो की ढाणी, करणी, केरू, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 29.06.2025 को राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 10 वार शिकायत डाली थी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है, गांव रोहिल्ला कला से दवों की ढाणी सड़क पर बहुत खरतानाक तरीके से ब्रेकर बनाया गया है जिसकी राजस्थान संपर्क पोर्टल पर कही वार शिकायत दर्ज कराई पर प्रशासन और कहीं जगह को चेंज कर के शिकायत को बन्द कर देता है से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 682 दिनांक 02.07.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर की गई शिकायत के संबंध में सूचना चाही गई थी, अपीलार्थी द्वारा आवेदन पत्र में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल परिवाद संख्या व दिनांक का अंकन नही किया गया तथा शिकायत के संबंध में कोई दस्तावेज संलग्न नही किया जाने से अपीलार्थी को दिनांक 30.06.2025 को ऑनलाईन सूचित किया जा चुका है कि सूचना का स्पष्ट उल्लेख नही किया गया जिसके अभाव में सूचना उपलब्ध कराया जाना संभव नही है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.07.25 13:25:44 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
16784125